हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 4 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

12 स्कूल खुलने के ही दिन युक्तियुक्तकरण के विरोध...


12 जिले के गांवों में होंगे करोंड़ों से सड़क, भवन नाली,...




# नक्सलवाद समाप्ति की ओर, अब सिर्फ कुछ कदम बाकी : गृहमंत्री शर्मा

## भैरमगढ़ के फुंडरी में उपमुख्यमंत्री ने सीआरपीएफ जवानों से की मुलाकात, बढ़ाया हौसला

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने बीजापुर जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र भैरमगढ़ विकासखण्ड के फुंडरी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों से भेंट कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने जवानों की कर्तव्यनिष्ठा, साहस और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि आपकी मेहनत, लगन और भुजाओं की ताकत के कारण नक्सलवाद अब समापन की ओर है। अब सिर्फ कुछ और प्रयास बाकी हैं, जिसे पूरी निष्ठा के साथ करना है, ताकि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का यह संकल्प मार्च 2026 तक नक्सलवाद का समूल अंत साकार हो सके। गृहमंत्री ने कहा कि इन जवानों ने न सिर्फ सुरक्षा का काम किया है, बल्कि इस अतिसंवेदनशील क्षेत्र में संविधान को लागू करने और शासन की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का ऐतिहासिक कार्य भी किया है। पहले जहां अंदरूनी गांवों के लोग सरकार की योजनाओं से वंचित रहते थे, अब जवानों की सतत उपस्थिति और सघन गश्त के चलते हालात तेजी से बदले हैं। उन्होंने कहा कि अब शासन की योजनाओं का लाभ धीरे-धीरे इन गांवों तक पहुंच रहा है। इसका श्रेय आपको जाता है। आप सिर्फ हथियार लेकर सुरक्षा नहीं कर रहे हैं, बल्कि एक नए युग की नींव रख रहे हैं जिसमें भय नहीं, विश्वास और विकास होगा।




### इनकी रही मौजूदगी

इस दौरान सचिव पंचायत विभाग भीम सिंह, आईजी सुंदरराज पी, डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र यादव, डीएफओ रंगानाथन रामाकृष्णा वाय एवं सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार सहित सीआरपीएफ एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सरकारी जमीन पर बन रहे दो मकान हटाए गए



**जगदलपुर।** नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा के निर्देश पर आज नगर निगम राजस्व विभाग ने शहर के लोकमान्य तिलक वार्ड में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर दो मकान बनाये जा रहे थे उन्हें जेसीबी से हटाने की कार्रवाई किया गया। वहीं आमागुड़ा चौक पर भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई किया गया। इस दौरान राजस्व विभाग के राकेश यादव, सुशील कर्मा व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### आंध्र समाज ने किया पौधरोपण



**जगदलपुर।** राजेंद्र नगर वार्ड, गंगामुंडा के दक्षिणी छोर में निर्माणाधीन गंगा कैलाश नाथ चतुर्मुख शिवालय में गुरुवार को बस्तर जिला आंध्र समाज द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर महापौर संजय पाण्डे, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही,लक्ष्मण झा, सुरेश गुप्ता, पार्षद आशा साहू,शशिनाथ पाठक,माधवी मंडल, जयंत राव नायडू, यशवर्धन राव,सुब्बा राव,दिगंबर राव,गोपाल राव नायडू, नरसिंह राव, ए वीर राजू, एम कामेश, के कामेश्वर, एल बालाजी,एल शिवा प्रसाद, श्रीनिवास राव,बी गौतम राव,ईश्वर राव,ईश्वर शेट्टी, आर बसंत,बी भास्कर राव,शंकर राव,एल राज रत्नम, अर्जुन राव,आर बसंत, बी भास्कर राव,प्रतिक राव आदि उपस्थित रहे।

### अवकाश पर नहीं जा सकेंगे शासकीय सेवक

**बीजापुर।** छठवीं विधानसभा का षष्ठम सत्र 14 जुलाई से 18 जुलाई तक होगा। उक्त अवधि में निर्धारित प्रश्नोत्तर काल के लिए प्राप्त विधानसभा प्रश्नों के उत्तर निर्धारित समय-सीमा में शासन को भेजने संबंधी कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का है। कलेक्टर संबित मिश्रा ने जिले के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे सक्षम अधिकारी के पूर्व स्वीकृति प्राप्त किये बिना अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे तथा मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे।

### चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची की गई जारी

**बीजापुर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के संविदा पद के लिए 27 जून को कम्प्यूटर की प्रायोगिक परीक्षा में उपस्थित अभ्यर्थियों का प्राप्त अंकों के आधार पर चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची जारी किया गया है। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय के सूचना पटल एवं जिले की वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

### परामर्शदात्री एवं पुनरीक्षण समिति की बैठक 5 को

**जगदलपुर।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं पुनरीक्षण समिति की बैठक कलेक्टर हरिस एस की अध्यक्षता में 5 जुलाई को कलेक्टर कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में आहूत की गई है। बैठक में जमा अग्रिम, ऋण जमा अनुपात, जिले के बैंकिंग गतिविधियों सहित एनआरएलएम एवं एनयूएलएम क्रेडिट लिंकेज, मुद्रा योजना, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, जिला अंत्यावसायी सहकारी समिति की स्वरोजगार योजनाओं और कृषि विभाग, पशुपालन, एवं मत्स्यपालन विभाग की किसान क्रेडिट कार्ड तथा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की स्वरोजगार प्रशिक्षण गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

**मरम्मत:** कार्यस्थल पर सुधार कार्य मे लगे एक हाईवा और एक जेसीबी ट्रक मिट्टी के ढेर में समा गए

# दो दिनों से बाधित केके लाइन पर भूस्खलन स्थल पर युद्ध स्तर पर बहाली कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि फॉलोअप



- रायगढ़ा रेल मंडल के कोरापुट-किरंडुल रेलखंड के मल्लिगुड़ा–जराटी स्टेशनों के बीच हुई घटना

ओडिशा में हो रही लगातार भारी बारिश के कारण 2 जुलाई को रायगढ़ा रेल मंडल के कोरापुट-किरंडुल रेलखंड के मल्लिगुड़ा–जराटी स्टेशनों के बीच भूस्खलन की बड़ी घटना घटित हुई,जिससे चलते केके रेल लाइन में किरन्दुल और जगदलपुर से चलने वाली 4 एक्सप्रेस,एक पैसेंजर ट्रेन समेत किरन्दुल और बचेली लौह अयस्क परिवहन मालगाड़ियां दो दिनों से बाधित है।

विशाखापटनम रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबन्धक के संदीप के अनुसार कोरापुट रेल सेक्शन के अंतर्गत हुई दुर्घटना स्थल जरटी-मल्लिगुड़ा खंड पर बारिश और खराब मौसम के बावजूद बहाली कार्य पूरे जोर-शोर से किया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों की टीम एवं रायगड़ा रेल मंडल के डीआरएम अमिताभ सिंगल के नेतृत्व में मौके पूरी टीम पर पहुंच चुकी है और मशीनों के साथ बहाली कार्य युध्यस्तर पर चल रहा है। इधर विशाखापटनम रेल मंडल के डीआरएम ललित बोहरा कार्य की प्रगति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। मलबा हटाने के लिए 13 भारी-भरकम खुदाई करने वाली मशीनें (एक्स्कावेटर) ▶▶|शेष पेज 12 पर

### घटनास्थल पर डटे डीआरएम व दो एडीआरएम

13 भारी-भरकम खुदाई करने वाली मशीनें और 300 से अधिक मजदूर,100 रेलवे के स्टाफ मिट्टी और पत्थरों सहित मलबे को साफ करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। घटनास्थल पर विशाखापटनम के एडीआरएम मनोज साहू एवं रायगड़ा रेल मंडल के एडीआरएम आनंद कुमार डुंगडुंग समेत उप मुख्य अभियंता बीबी महाराणा,सहायक सिग्नल दूरसंचार इंजीनियर मलय कुमार दास व बीके सुना,वरिष्ठ अनुभाग इंजीनियर दुना जगदीश,वेणुगोपाल,वरिष्ठ अनुभाग इंजीनियर,मुख्य अभियंता,गौरीशंकर,उप मुख्य विद्युत इंजीनियर कनकराजू,एईएन श्रीनिवासन,एमके दास,उप मुख्य अभियंता टोपी समेत अन्य तकनीकी अधिकारी एवं बड़ी संख्या में मजदूर साम्मलित है।

### दूसरे दिन भी रही बाधित

केके रेल लाइन में बुधवार शाम 4 बजे हुई लेंड स्लाइड घटना के चलते किरन्दुल और जगदलपुर से चलने वाली सभी 4 एक्सप्रेस और एक पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन दूसरे दिन भी बाधित रही। विशाखापटनम के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के संदीप के अनुसार जिन ट्रेनो को निरस्त किया गया है,उनमें ट्रेन संख्या 58501 विशाखापत्तनम–किरंडुल पैसेंजर 4 जुलाई को विशाखापत्तनम से चलकर अरकू पर समाप्त होगी। यह सेवा अरकू से किरंडुल तक रद्द की गई है।

### पुरी स्पेशल ट्रेन जगदलपुर नहीं आएगी

ट्रेन संख्या 08445 जगदलपुर-पुरी रथ यात्रा स्पेशल दिनांक 4 एवं 5 जुलाई को कोरापुट से प्रारंभ होगी। सेवा जगदलपुर से कोरापुट तक रद्द किया गया है। ट्रेन संख्या 08446 पुरी–जगदलपुर रथ यात्रा स्पेशल 6 जुलाई एवं 7 जुलाई को कोरापुट में रद्द किया गया। यह सेवा कोरापुट से जगदलपुर तक रद्द। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक के संदीप ने यात्रियों से कहा है कि उपरोक्त परिवर्तनों को ध्यान में रखें और यात्रा की योजना उसी अनुसार बनाएं। उन्होंने इस असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।

# परिवहन नियमों को उल्लंघन करते सीमावर्ती राज्यों के मिले 749 वाहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बेरियर में 959 वाहनों पर किया 25 .05 लाख का जुर्माना
- टैक्स बकाया के 3 वाहनों से 40 हजार रुपए वसूला

बस्तर जिले के धनपूंजी स्थित परिवहन विभाग के बेरियर में जाने एवं आने वाले 959 वाहन परिवहन नियमों का उल्लंघन करते मिले, वाहनों से 25 लाख 05 हजार 515 रूपए का जुर्माना किया गया।

इसमें से 749 वाहन सीमावर्ती राज्यों की मिली, 18 लाख 17 हजार 500 रूपए, छत्तीसगढ़ की 197 वाहनों को 2 लाख 49 हजार 800 रूपए, यानकर टीपी एक लाख 90 हजार 370 रूपए, बकाया कर 3 वाहनों से 39 हजार 775 रूपए, यानकर पीएसवी 17 हजार 670 रूपए एवं 13 वाहनों से ई-चालान से एक लाख 90 हजार 400 रूपए वसूल किया गया। बताया जा रहा है कि दूसरे राज्यों की वाहनों के साथ-साथ अन्य वाहन छत्तीसगढ़ राज्य का बिना टैक्स दिए ही चल रही हैं। इसके अलावा परिवहन आयुक्त एवं अतिरिक्त परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार परिवहन जांच चौकी धनपूंजी में विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान में उन वाहनों के विरूद्ध या जो कोयला, रेत, गिट्टी सहित अन्य खनिजों का परिवहन बिना तिरपाल लगाए कर रहे थे। इस दौरान धनपूंजी बेरियर में परिवहन निरीक्षक शेष नारायण ध्रुव के नेतृत्व में ▶▶|शेष पेज 12 पर

## करंट अकाउंट की माइनस राशि 12 हजार से मुक्त करेगा बैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- जिला उपभोक्ता आयोग की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया आदेश

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा गुरुवार को एक प्रकरण में आवेदक को केनरा बैंक करेंट अकाउंट की माइनस राशि 12 हजार रूपए से उन्मुक्त किए जाने और मानसिक पीड़ा पर 5 हजार रूपए की क्षतिपूर्ति देगा। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने आदेश जारी किया।





न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी गणेश राव द्वारा केनरा बैंक की शाखा जगदलपुर में गणेश मोबाइल के नाम पर एक करंट अकाउंट खुलवाया गया था। केनरा बैंक द्वारा ऋण की सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई ▶▶|शेष पेज 12 पर

## तेज रफ्तार कार चालक ने 2 बाइक को ले लिया चपेट में, 2 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- परपा थाना क्षेत्र के जीएडी कॉलोनी मार्ग की घटना
- परपा पुलिस कार चालक को हिरासत में लेकर मामले की कर रही जांच

परपा थाना क्षेत्र के जीएडी कॉलोनी मार्ग में गुरुवार को तेज रफ्तार कार ने दो बाईक को चपेट में ले लिया। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल है जिन्हें उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। वहीं परपा पुलिस चालक को हिरासत में लेकर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाहीपूर्वक कार चलाते हुए दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी। मामला परपा थाना क्षेत्र के जीएडी कॉलोनी मार्ग पर गुरुवार दोपहर की है जब कार ने दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे उस समय हुआ जब गीदम रोड बीआर कोल्ड स्टोरेज के करीब रहने वाला आदित्य नाग अपनी बाइक से अपने पहचान की ▶▶|शेष पेज 12 पर



## छात्र जीवन सर्वश्रेष्ठ समय होता है: देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर विधायक ने किया स्वागत
- चिंगपाल में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया

विधानसभा क्षेत्र के दरभा विकासखण्ड के ग्राम चिंगपाल में विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव शामिल हुयें। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक चित्रकूट विनायक गोयल ने किया। नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर व मुंह मीठा कराकर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को संबोधित करते किरण देव ने कहा कि शिक्षा से ही सशक्त समाज का निर्माण संभव है। इसलिए सभी छात्र नियमित रूप से शाला आकर मन लगाकर पढ़ाई कर अपने शाला, क्षेत्र का नाम रोशन करें। जीवन में छात्र जीवन सबसे श्रेष्ठ होता है। उन्होंने कहा सरकार शिक्षा सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कटिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहे है। सरकार का लक्ष्य है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। सभी बच्चों को शिक्षा प्रदान करने सरकार ने शिक्षा का ▶▶|शेष पेज 12 पर

**छत्तीसगढ़ की लेखिका शंकुलता तरार को भी सम्मानित किया**

# शासकीय काकतीय महाविद्यालय में पद्मश्री अजय मंडावी का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को बेहतर और प्रभावी ढंग से लागू करने हुई कार्यशाला

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को बेहतर और प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से बुधवार काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय और पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस री ओरिएंटेशन प्रोग्राम में संभाग के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, एनईपी के नोडल आधिकारी एवं संस्थान के ब्रांड एंबेसडर विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में पद्मश्री हेमचंद मांझी, पद्मश्री अजय मंडावी और छत्तीसगढ़ संस्कृति की ख्यात लेखिका शंकुलता तरार का शाल एवं स्मृति चिह्न के साथ सम्मान किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मूल भावना है। भारतीय ज्ञान परंपरा विज्ञान और अध्यात्म से जुड़ा है। जड़ी बूटी हमारी प्राचीन ज्ञान परंपरा से जुड़े हैं। इसके सहारे हम अपनी प्राचीन चिकित्सा को पुनर्जीवित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें भी अपने विवि और महाविद्यालय में ख्यात विवि की तरह माहौल अच्छा बनाना है। अपने पेडागॉजी को सुधारना है। इनोवेशन,रिसर्च और टेक्नालॉजी के अलावा हमें फ्री लीडिंग जर्नल के एक्सेस करने पर जोर देना है। हमें विद्यार्थियों की आवश्यकता और मांग के अनुरूप ▶▶|शेष पेज 12 पर



### संस्कृति को बचाने की शुरूआत अपनी भाषा बचाने से करनी है

पद्मश्री हेमंचद मांझी ने स्थानीय अपनी बोली में अपने विचार रखे। पद्मश्री अजय मंडावी ने कहा कि आर्टिस्ट हूं पर पूरा काम चैरिटी जैसा ही है। वरिष्ठ लेखिका शकुंतला तरार ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति को बचाने की शुरूआत अपनी भाषा बचाने से करनी है। हमें अपनी पुरानी भाषा और बोली का संरक्षण करना चाहिए।

### विद्यार्थियों को एनईपी के प्रति रूचि पैदा करनी

दूसरे सत्र में रिसोर्स पर्सन के रूप में उच्च शिक्षा के संयुक्त संचालक जीए घनश्याम ने कहा कि हमें एनईपी के टेक्नलिटी को बेहतर तरीके से विद्यार्थियों तक पहुंचाना है। विद्यार्थियों को एनईपी के प्रति रूचि पैदा करनी है। हमें उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करना है। आईसीटी को अधिक से इश्तेमाल करने पर जोर देना है।

# जेसीबी चलाकर वन भूमि को अतिक्रमण से किया मुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- ग्राम चपका व मुंजला के बीच सीमा विवाद का हुआ निराकरण

बस्तर जिले के दोनों ग्राम चपका एवं मुंजला के ग्रामीणों की उपस्थिति में वन विभाग ने जेसीबी द्वारा वन सीमा में सीपीटी बनाया गया। अतिक्रमित क्षेत्र में भूजल संरक्षण संरचना सीसीटी खुदवाकर वन भूमि का रकबा 0.681 हैक्टेयर को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। संपूर्ण कार्यवाही नियामानुसार एवं सद्भावनापूर्ण से की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चपका के ग्रामीणों द्वारा वन मंत्री केदार कश्यप से ग्राम सीमा का निर्धारण एवं वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त किए जाने का निवेदन किया गया था। जिस पर वन मंत्री द्वारा त्वरित निर्णय लेते हुए 2 जुलाई को ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने वाटरशेड योजना के कार्यों की समीक्षा की



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत जिले में संचालित वाटरशेड के कार्यों के प्रगति की गहन समीक्षा की। इस दौरान योजनान्तर्गत स्वीकृत सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण करते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसानों को इन परियोजनाओं का समुचित लाभ मिले। बैठक में कोण्डागांव व बड़ेराजपुर विकासखण्ड अंतर्गत स्वीकृत कार्यों के प्रगति की जानकारी ली। कार्यों के अप्रारंभ होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित पीआईए को सख्त निर्देशित किया कि गंभीरता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए सभी अप्रारंभ कायोंर् को शीघ्र पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### बोड़ा हुआ सस्ता, हर रसोई में बसी खुशबू



**कोण्डागांव।** बस्तर की प्रसिद्ध और पौष्टिक सब्जी बोड़ा, फूटू जंगली मशरूम अब पहले की तुलना में बेहद सस्ती हो गई है। जहां सीजन की शुरुआत में बोडा की कीमत 4000 रुपए प्रति किलो तक थी। अब वही बोड़ा 100 रुपए में एक सोली में मिल रहा है। कोंडागांव बस स्टैंड क्षेत्र में बोड़ा और फूटू विक्रेताओं की कई अस्थायी दुकानें सज चुकी हैं। बोड़ा खरीदने पहुंचे महेंद्र सलाम ने बताया कि बोड़ा की वापसी ने आम रसोई में भी इसकी जगह बना दी है। तरुण नाग ने कहा कि बस्तर के स्थानीय 'फूटू' जंगली मशरूम शुरुआत में 500 रुपए में 3 जूरी बिकने वाला फूटू अब 200 में 6 जूरी तक उपलब्ध है।

# स्कूल खुलने के ही दिन युक्तियुक्तकरण के विरोध सहित अन्य मांगों को लेकर शिक्षकों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

युक्तियुक्तकरण के विरोध सहित अन्य मांगों को लेकर शिक्षकों ने धरना- प्रदर्शन किया। इसके बाद अनुविभागीय अधिकारी को राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं शिक्षा सचिव के नाम ज्ञापन दिया। एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में प्रांत संचालक केदार जैन का कहा कि 2008 के सेटअप से छेड़छाड़ करना अमानवीय और अव्यवहारिक है। शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों ने शासन को गलत जानकारी देकर युक्तियुक्तकरण जैसी गलत नीति को अमलीजामा पहनाने की नाकाम कोशिश की जा रही है। इसी प्रकार काउंसलिंग प्रक्रिया में भी बारी गड़बड़ी हुई और अब अतिरिक्त अतिशेष शिक्षकों को कहां भेजा जाएगा,विभाग को भी जानकारी नहीं। यदि उन अतिरिक्त अतिशेष शिक्षकों को यथावत मूल शाला में रखा जाता है ,तो युक्तियुक्तकरण की नीति पूर्णतया फेल है। सभा को श्रीमती ज्योति ध्रुव. बिन्दिया अग्निहोत्री, नीलम मेश्राम, पाशा अली, प्रकाश साहू आदि ने संबोधित किया। अधिकारी कर्म चारी संघ के पूर्व सहसंयोजक लोकेश गायकवाड ने कहा कि आज भी समय है अतिशेष शिक्षकों को राहत देकर गुणवत्ता में सुधार करने के लिए कि जब आपके द्वारा 10463 विद्यालय बंद कर बच्चों को 4000 विद्यालय में समाहित तो किया गया है। यदि इन बंद 10463 विद्यालय मे 2 शिक्षक के मान से 20926 शिक्षक और दर्ज संख्या के मान से विद्यालयो से हटे शिक्षक जो जून माह में काउंसिलिंग में भाग लिया।

## वर्ष 2008 के सेटअप में बदलाव का विरोध में एक दिवसीय प्रदर्शन

### नीति विसंगतिपूर्ण

कोडागांव की महिला शिक्षक कवर्धा और चारामा विकासखंड की शिक्षिका को जैजैपुर जाना पड़ रहा है। अब 4 पीरियड की पढ़ाई से परेशान है। पूरे प्रदेश मे युक्तियुक्तकरण के विरोध में यदि शिक्षक सड़क में हैं,। धरना प्रदर्शन कर रहे है कहीं न कहीं यह नीति विसंगतिपूर्ण है। शिक्षकों में अनावश्यक कार्य का दबाव पड़ रहा है। ब्लॉक स्तरीय धरना में सैकड़ो की संख्या में शिक्षक शामिल थे। धरना में नियमित शिक्षक भी शामिल हुए। अंत मे धरनास्थल से विशाल रैली के शक्ल में शिक्षक अनुविभागीय कार्यालय पहुंचे। ज्ञापन तहसीलदार विजय मिश्र को दिया।




### शिक्षकों ने बताई समस्या

धरना में उपस्थित शिक्षक अशोक नाग के अपनी समस्या बताते हुए कहा कि वे प्राथमिक के शिक्षक है। शाला में 2 शिक्षक है 5 कक्षाएं है। यदि 1 शिक्षक अवकाश में चले जाने से गुणवत्ता युक्त अध्यापन कैसे कर पाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय विद्यालय के अलावा और कोई विकल्प नहीं हैं। वहीं माध्यमिक स्तर के एक शिक्षक से बात करने पर उन्होंने कहा की 4 शिक्षक लगातार पीरियड नहीं ले सकता ,ये नियम अवयवहारिक है, ऐसे में निजीकरण को बढ़ावा मिलेगा। शासकीय स्कूलों से पालकों का मोहभंग होना तय है। सरकार इस नीति को निरस्त करें।

## सौगात: मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना से नारायणपुर को मिले 1.63 करोड़

# जिले के गांवों में होंगे करोंड़ों से सड़क, भवन नाली, पुलिया और शेड निर्माण के कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर



प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं गृह, जेल, पंचायत, ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विजय शर्मा द्वारा जिले के एक दिवसीय भ्रमण के दौरान जिला पंचायत के सभा कक्ष में जनप्रतिनिधियों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों का बैठक लेकर समीक्षा किया गया। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत नारायणपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 1 करोड़ 63 लाख 14 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि जिले के ओरछा एवं नारायणपुर विकासखण्डों के ग्राम पंचायतों में आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण हेतु स्वीकृत की गई है।

उप मुख्यमत्री विजय शर्मा ने स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए ओरछा विकासखण्ड अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में आवश्यक निर्माण कार्यों के लिए 37 लाख 30 हजार रुपये की मंजूरी दी गई है। ग्राम कोहकामेटा में महेश के खेत से कमलू पटेल के घर तक सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख 20 हजार रुपये, कस्तुरमेटा में बजार स्थल में सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख 20 हजार रुपये, कच्चापाल में पंचायत भवन से तोके मोड़ तक सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख 20 हजार रुपये, ओरछा में राजाराम घर से आरईएस कालोनी तक नाली निर्माण हेतु 5 लाख 91 हजार रुपये, ग्राम पंचायत गारपा में आंगनबाड़ी भवन होरादी में शेड निर्माण हेतु 5 लाख रुपये, पांगुड पुतवाड़ा में पुलिया निर्माण हेतु 6 लाख रुपये और कोंगे में मुक्तिधाम सह प्रतिक्षालय शेड निर्माण हेतु 4 लाख 79 रुपये की राशि स्वीकृत किया गया है।

नारायणपुर विकासखण्ड अंतर्गत 1 करोड़ 25 लाख 84 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे कई ग्रामों में निर्माण कार्य कराए जाएंगे, जिसमें ग्राम हतलानार, कुंदला, कुतुल, ताडनार, मेटानार, बोरण्ड, कोंगेरा, चमेली, कन्हारगांव, दण्डवन, तोयनार, धनोरा में पुलिया निर्माण हेतु प्रत्येक ग्राम के लिए 5-5 लाख रुपये, ग्राम मुरनार में नाली निर्माण हेतु 5 लाख 91 हजार रुपये, ग्राम कलमानार, मंडाली में सामुदायिक भवन हेतु प्रत्येक ग्राम के लिए 6 लाख 50 हजार रुपये, ग्राम पदमकोट, बोरण्ड, गौरदण्ड में शेड निर्माण हेतु 5-5 लाख रुपये, ग्राम बोरण्ड, कौशलनार, मढ़ोनार, करमरी, गोटाजम्हरी, छिनारी में सीसी रोड हेतु प्रत्येक ग्राम के लिए 5 लाख 20 हजार रुपये, ग्राम बडेज़म्हरी में मुक्तिधाम शेड हेतु 4 लाख 79 हजार रुपये की राशि स्वीकृत किया गया है। उप मुख्यमत्री विजय शर्मा ने उपस्थित जिला पंचायत के सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य और ग्राम पंचायत के सरपंचों से स्वीकृत निर्माण कार्यों का समीक्षा करते हुए कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने के निर्देशित किए।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम, उपाध्यक्ष प्रताप सिहं मण्डावी, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य और ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह, कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, आईजी बस्तर सुन्दरराज पी., कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं, पुलिस अधीक्षक रॉबिनसन गुरिया, जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो, वनमण्डलाधिकारी शशिगानंदन के. सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# अन्य राज्य व जिले से आए 11 संदिग्ध व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस अधीक्षक वॉय अक्षय कुमार के दिशानिर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल, पुअनुअधि अरूण नेताम के मार्गदर्शन में केशकाल पुलिस द्वारा अन्य राज्यों या जिलों से आए व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

थाना क्षेत्र केशकाल क्षेत्रवासियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा बाहरी राज्य व जिला से आए मुसाफिर, फेरीवालों के विरुद्ध लगातार शिकायत की जा रही थी। मुसाफिरों द्वारा बिना किसी सूचना व अनुमति के किसी भी सार्वजनिक स्थान में डेरा डाल के निवास करने, रात्रि के समय सन्दिग्ध रूप से घूमते हुए पाए जाने, क्षेत्र में गंदगी फैलाने लड़ाई झगड़ा कर अशांति फैलाने, चोरी व अन्य अपराध कारित करने की आशंका होने आदि के सम्बंध में क्षेत्रवासियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा थाना आकर मौखिक अथवा फ़ोन के माध्यम से सूचना मिलने पर थाना प्रभारी केशकाल ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान ने बाहरी मुसाफिरों के विरुद्ध कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु मुहिम चलाकर थाना क्षेत्र में घूम रहे मुसाफिरों का सत्यापन किया गया। सन्दिग्ध प्रतीत होने से 11 नफ़र सन्दिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

# ई मेल हेक कर रकम उड़ाने वाले गिरोह के तीन आरोपी मुम्बई से गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ई मेल हेक कर सायबर फ्रॉड मामले में बस्तर व मुम्बई पुलिस की संयुक्त टीम ने तीन शातिर आरोपी को होटल से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 56 एटीएम, 8 मोबाइल व 92 हजार रूपए नकद बरामद किया गया है। इससे पूर्व बस्तर पुलिस द्वारा मास्टर माईंड अब्दुल मजीद समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। प्रेसवार्ता में मामले का खुलासा करते हुए सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल व डीएसपी सायबर गीतिका साहू ने बताया कि बस्तर व मुम्बई पुलिस ने सयुंक्त कार्रवाई करते हुए फरार तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मामले की जानकारी देते हुए सीएसपी ने बताया कि प्रार्थी अमलेश कुमार निवासी नयामुंडा तिरंगा चौक ने थाना बोधघाट में रिपोर्ट दर्ज करवाया था कि 21 जून को एक्सिस बैंक कस्टमर केयर नंबर से लोन के लिए फोन आया जिसे उसने नही चाहिए कह कर मना कर दिया था। उसी दिन शाम को एक्सिस बैंक से उसके मोबाईल में ओटीपी आना शुरू हो गया और शाम तक उसके खाता से हजारों रूपए ट्रांसफर होने का मैसेज आया। इसका पता करने एक्सिस बैंक जाने पर पता चला कि उसके खाता से नेट बैंकिंग के माध्यम से 7 लाख 33 हजार 13 रूपए लोन लिया गया है जबकि प्रार्थी द्वारा किसी भी प्रकार का लोन के लिये एप्लाई नही किया गया है। बैंक का स्टेटमैंट देखने पर पता चला कि उनके मेल आईडी को चेंज कर उसका दुरूपयोग कर किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा नेट बैंकिंग के माध्यम से लाखों रूपए लोन लेकर अन्य खाता में ट्रासफर कर दिया गया था। मामले में बोधघाट थाना में धारा 318 (4) बीएनएस, 66(डी) आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### विशेष टीम ने मुम्बई के होटल से आरोपियों को दबोचा

विवेचना के दौरान विभिन्न बैंको से जानकारी लेने के उपरांत तीन आरोपी को निरीक्षक शिवानंद सिंह व दिलबाग सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर मुम्बई एवं जामताड़ा झारखण्ड से गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई के दौरान गिरोह के तीन आरोपी जामताड़ा से फरार हो गये थे जिनकी तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पतासाजी करने पर उनके मुम्बई मे एक हॉटल मे ठहरने की जानकारी मिली जिन्हें मुम्बई पुलिस की मदद से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में मोहम्मद इमरान अंसारी 36 वर्ष निवासी ग्राम वलदहा पोस्ट करंजो थाना मागोर्मुण्डा जिला देवघर झारखण्ड, अलीमुद्दीन अंसार उर्फ अलीम 33 वर्ष निवासी ग्राम काशीताड थाना कमार्टांड जिला जामताड़ा झारखण्ड व राजकुमार गौतम उर्फ रिंकू बर्मन 32 वर्ष निवासी ग्राम जीन्दोपुर पोस्ट ठेकमा थाना बरधा जिला आजमगढ़ उत्तरप्रदेश शामिल है।

# हाईवे में गिरा पेड़, दुर्घटना से पूर्व मौके पर पहुंची यातायात पुलिस

- वन विभाग की मदद से बाधित मार्ग को किया गया शुरू
- लगातार बारिश के चलते सुबह वनवे में गिरा विशाल पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



दो दिन से लगातार हो रहे बारिश के बीच सुबह लगभग 6 बजे आमागुड़ा चौक के करीब एक विशाल पेड़ सड़क पर गिर गया। पेड़ गिरने की सूचना मिलते ही ट्रेफिक पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई और वन वे के एक तरफ पेड़ के गिरने से यातायात बाधित हो रहा था और वाहनों की लंबी कतार लगना शुरू हो गया था।

जानकारी के मुताबिक दो दिन से लगातार ओ रही बारिश के बीच आमागुड़ा हाईवे से लगे वनवे में विशाल पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गया। वनवे में पेड़ गिरने से वाहनों की लंबी कतार लगना शुरू हो गया। इसकी सूचना तत्काल ट्रैफिक डीएसपी संतोष जैन को दी गई। सूचना मिलते ही यातायात अमले के साथ मौके पर पहुंचे डीएसपी ने सबसे पहले वनवे की ओर से आ रहे वाहनों को डायवर्ट कर दूसरी ओर से भेजना शुरू किया जिससे बाधित आवागमन फिर से शुरू हो गई। मौके पर यातायात पुलिस की पेट्रोलिंग टीम के एएसआई प्रवीण जोशी, प्रधान आरक्षक जगमोहन नाग, प्रकाश देवांगन, नगरसेना के हेमंत, शिवा व अन्य द्वारा तत्काल वनवे ट्रेफिक शुरू किया गया। वहीं इसकी सूचना पुलिस कन्ट्रोल रूम को देकर वन विभाग से सम्पर्क कर दोनों विभाग की मदद से सड़क पर गिरे पेड़ को काटकर अलग किया गया और पुनः बाधित यातायात बहाल किया गया।

### हो सकता था बड़ा हादसा

*सुबह से हो रही लगातार बारिश के बीच पेड़ गिरने से रायपुर जगदलपुर मार्ग में आवाजाही कर रही वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना बनी हुई थी। लेकिन मौके पर पहुंची यातायात पुलिस द्वारा किसी तरह का हादसा होने से पूर्व समय रहते सड़क डायवर्ट कर वाहनों को दूसरी ओर से भेजना शुरू कर दिया। कुछ ही घटें में पेड़ को काटकर हटा दिया गया जिससे किसी तरह की घटना होने से समय रहते रोक दिया गया।*

## विधायक के अनशन में बैठने के बाद दिया गया लिखित आश्वासन, हड़ताल स्थगित

# जलसंकट पर विधायक ने पीएचई अधिकारियों को लगाई फटकार

**जगदलपुर।** बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने भूख हड़ताल के लिए जिला प्रशासन को पूर्व सूचना दी थी लेकिन हड़ताल के लिए कोई स्थान निर्धारित नहीं किया गया। प्रशासनिक उदासीनता से क्षुब्ध होकर विधायक ने सीधे पीएचई विभाग कार्यालय के सामने ही समर्थकों के साथ धरना दे दिया । सुबह 11:50 बजे शुरू हुए इस प्रदर्शन में बघेल के साथ बस्तर विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण, कांग्रेस जनपद सदस्य, सरपंच, उपसरपंच और पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए मां दंतेश्वरी मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना कर रैली के रूप में संजय मार्केट होते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में पहुंच कर जमकर नारेबाजी करते हुए लगभग 2 घंटे से ऊपर तक चले इस प्रदर्शन में जनप्रतिनिधि और जनता खुले आसमान के नीचे जमीन पर बैठकर अपने हक के लिए आवाज बुलंद करते रहे । धरना स्थल पर पीएचई विभाग के अधिकारियों ने पहला आश्वासन पत्र सौंपा, लेकिन उसमें अस्पष्ट वादे और गोलमोल भाषा होने के कारण प्रदर्शनकारी भड़क उठे।



विधायक ने तुरंत उसे अस्वीकार कर दूसरा स्पष्ट आश्वासन पत्र तैयार करवाया। इसके दबाव में अधिकारियों ने तीन माह के भीतर बस्तर विधानसभा की 135 ग्राम पंचायतों और 200 से अधिक गांवों में अधूरे जल जीवन मिशन कार्यों को पूरा करने और बंद पड़े नलकूपों की मरम्मत का लिखित आश्वासन दिया । विधायक बघेल ने चेतावनी देते हुए कहा अगर तीन माह में काम नहीं हुआ तो बस्तर में आर्थिक नाकेबंदी, नगर बंद और व्यापक जनहड़ताल के लिए जनता तैयार रहे अब यह केवल पानी की लड़ाई नहीं, बल्कि अधिकार और सम्मान की लड़ाई है जल जीवन मिशन की शुरूआत वर्ष 2018-19 में केंद्र और राज्य सरकार की संयुक्त योजना के रूप में हुई थी, जिसका उद्देश्य था हर घर तक नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाना लेकिन विधायक के अनुसार, यह योजना पांच साल बाद भी बस्तर के अधिकांश गांवों तक नहीं पहुंच पाई है। बस्तर विधायक ने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासनकाल में योजना को गांव-गांव तक पहुंचाने की मंजूरी दी गई थी, लेकिन भाजपा सरकार में मंत्री और अधिकारी मिलकर इसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा रहे हैं ।

**पाइपलाइन अधूरी है, खानापूर्ति हो रही-** बघेल ने बताया कि 27 मई को एक माह पूर्व उन्होंने इसी मुद्दे पर आंदोलन किया था, लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई प्रदर्शन के दौरान जनपद सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीणों ने अपनी शिकायतें खुलकर रखीं कई गांवों में पाइपलाइन अधूरी है, कुछ स्थानों पर नल लगाए ही नहीं गए और कुछ जगहों पर पाइप बिछाकर उसे ऐसे ही छोड़ दिया गया है सैकड़ों नलकूप वर्षों से खराब पड़े हैं, लेकिन मरम्मत के नाम पर केवल खानापूर्ति हो रही है। धरना स्थल पर जब पीएचई अधिकारियों से दस्तावेज और प्रगति रिपोर्ट मांगी गई, तो वे जवाब देने से कतराते नजर आए।

**मंत्री और अधिकारी चुपी साधे हुए है -** विधायक बघेल ने भाजपा नेताओं की चुप्पी पर भी सवाल उठाते हुए कहा जब केंद्र और राज्य दोनों में भाजपा की सरकार है, तो फिर जनता को पानी तक क्यों नहीं मिल पा रहा। मंत्री और अधिकारी जनता की पीड़ा से मुंह मोड़े बैठे हैं। बस्तर की जनता को उनके मौलिक हक से वंचित किया जा रहा है।

## पेज 11 के शेष

### दो दिनों से बाधित...

और 300 से अधिक कर्मी चौबीसों घंटे कार्य में जुटे हैं।गुरुवार सुबह तक लगभग आधा मलबा साफ कर लिया गया है। समाचार लिखने तक 75 प्रतिशत मलबा पटरी से हटा दिया गया था। बारिश और खराब मौसम के चलते मरम्मत व सुधार कार्य रेलवे के लिए चुनौतीपूर्ण बना है। बावजूद रेलवे के वरिष्ठ मंडल अधिकारी के दिशा निर्देश पर रेलवे के लगभग 100 तकनीकी स्टाफ एवं 300 मजदूर सुधार कार्य मे जुटे है। बताया जा रहा है कि भुवनेश्वर से मुख्य ऑपरेशन मैनेजर भी आज घटना स्थल पर पहुंच सुधार कार्य मे मार्गदर्शन दे रहे हैं। मरम्मत कार्य के दौरान भारी बारिश के चलते और पहाड़ जैसे मिट्टी का मलबा गीली होने से सुधार कार्य मे लगे एक हाइवा और एक जेसीबी भारी वाहन मिट्टी के भीतर धंस गए। हालांकि इस घटना में ड्रायवर अथवा अन्य किसी के हताहत की खबर नही है। बताया जा रहा है,कि युध्यस्तर पर चल रहे सुधार व मरम्मत कार्य के चलते शनिवार दोपहर तक बाधित केके लाइन बहाल होने की उम्मीद है।

### परिवहन नियमों को...

सक्रियता दिखाते हुए बिना तिरपाल लगाए वाहनों की सघन जांच कर रही है। उल्लंघन पर वाहनों पर सख्ती- बेरियर धनपूंजी के प्रभारी एवं निरीक्षक शेष नारायण ध्रुव ने बताया कि परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्ती की जा रही है।

### करंट अकाउंट की...

जाने के कारण आवेदक द्वारा आंध्र बैंक की शाखा बिलोरी में करेंट अकाउंट खुलवाकर ऋण प्राप्त किया गया था। आवेदक द्वारा केनरा बैंक के समक्ष करेंट अकाउंट को बंद करने का आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात भी केनरा बैंक द्वारा आवेदक का करेंट अकाउंट बंद नहीं किया गया था। करेंट अकाउंट की न्यूनतम राशि से कम राशि होने के कारण आवेदक का करेंट अकाउंट माइनस अकाउंट में चला गया था। जिस हेतु आवेदक को बैंक द्वारा सूचना प्रदान की गई थी। जिससे एक क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि आवेदक द्वारा केनरा बैंक के समक्ष करेंट अकाउंट बंद करने के लिए विधिवत आवेदन प्रस्तुत किया गया था। बैंक द्वारा परिवादी के खाते में न्यूनतम राशि से कम राशि होने की कोई सूचना आवेदक को प्रदान न कर और आवेदक का करेंट अकाउंट बंद न कर सेवा में कमी एवं व्यावसायिक कदाचरण किया गया है। इस हेतु आवेदक को हुई मानसिक पीड़ा हेतु 5 हजार रूपए पृथक से क्षतिपूर्ति स्वरूप दिए जाने का आदेश भी किया गया है।

### तेज रफ्तार कार...

प्रियंका को लेकर पंडरीपानी से जगदलपुर की ओर जा रहा था। तभी पंडरीपानी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में प्रियंका व आदित्य को गंभीर चोट आई है। दोनों को डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि पहली दुर्घटना के बाद भी कार चालक ने ब्रेक नहीं लगाया और सामने चल रही दूसरी बाइक को भी टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दूर जा गिरे। हादसे के बाद कार मौके पर रुक गई जिसके बाद स्थानीय लोगों ने कार चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। एक अन्य कार की मदद से घायलों को मेकाहारा अस्पताल पहुंचाया गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही घायलों के परिजन अस्पताल पहुंचे और मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई। पुलिस मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### छात्र जीवन सर्वश्रेष्ठ...

अधिकार अधिनियम लागू किया गया है। शिक्षक से आह्वान करते हुए कहा कि बस्तर में प्रतिभा की कमी नहीं है। उन्हें उचित अवसर देकर संवारने की आवश्यकता है। नवप्रवेशी बच्चों को गणवेश ,पाठ्य पुस्तकें एवं बच्चों को जाति प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस दौरान विधाशरण तिवारी, जनपद अध्यक्ष मानकदई कश्यप, उपाध्यक्ष हरिप्रसाद, जिला पंचायत सदस्य संपत्ति नाग,जनपद पंचायत सदस्य गागाराम,जयमनी मोर्य ,राजू सोढ़ी, संरपंच जयराम बधेल, सूबेदार बधेल,रैतूराम, मंडल अध्यक्ष देवीप्रसाद बेंजाम, संतोष बधेल, फूलसिंह सेठिया,अंनत राम ,बाबूल नाग, महेन्द्र बधेल , सीईओ वीरेन्द्र बहादुर, डीईओ बलिराम बधेल, डीएमसी अखिलेश मिश्रा,बीईओ जगदीश पात्र, एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व स्कूल के शिक्षक तथा जनमानस उपस्थित थे ।

**बच्चे मन लगाकर मेहनत कर पढ़ाई करें-** विधायक विनायक गोयल ने कहा कि बच्चे मन लगाकर मेहनत कर पढ़ाई करें। अपने जीवन में सफल हो। लक्ष्य निर्धारित कर अपना बेहतर प्रदर्शन करें। बस्तर में प्रतिभा की कमी नहीं है । वही शाला प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम का पौधारोपण अतिथियों के द्वारा किया गया।

### शासकीय काकतीय महाविद्यालय...

व्यवस्था बनानी है। रिसोर्स पर्सन के रूप में प्रदेश उच्च शिक्षा के एनईपी ओएसडी डॉ. डीके श्रीवास्तव ने कहा कि एक दिन और एक सत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को पूर्णरूपेण लागू करना कठिन है पर एक सत्र में सभी के सहयोग से प्रदेश में इस नीति को अधिकतम लागू कर लिया गया है।

**छग को विकसित राज्य के समतुल्य लाने का प्रयास-** स्वागत उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि एनईपी 2020 को लागू करने में सभी का योगदान रहा है। इस शिक्षा नीति के माध्यम से हम छग को विकसित राज्य के समतुल्य लाने का प्रयास कर रहे हैं। अपने आभार उद्बोधन में डॉ राजेश लालवानी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार सत्र को सही समय और तारीख में संचालन करना भी जरूरी है। वर्कशॉप का संचालन चित्रलेखा कोडोपी एवं मेखला चट्टोपाध्याय ने किया।

### जेसीबी चलाकर वन...

जिला कलेक्टर, मुख्य वन संरक्षक को निर्देशित कर राजस्व एवं वन विभाग के संयुक्त दल द्वारा पुलिस बल की सहायता से दोनों ग्रामों के संरपच, कोटवार पटेल एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में मौके पर जाकर सीमा निर्धारण किया गया।

**कार्रवाई में इनकी रही भूमिका-** इस कार्रवाई में वन मण्डलाधिकारी बस्तर उत्तम कुमार गुप्ता, अनुविभागीय अधिकारी ऋषिके तिवारी, उप वन मण्डलाधिकारी आईपी बजारे, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रवीण भारती, तहसीलदार भानपुरी लखीराम पाण्डेय, थाना प्रभारी भानपुरी परिक्षेत्र अधिकारी पीएल पाण्डेय, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी ओपी सिंह, परिसर रक्षक श्रीमती तारावती कोर्राम, वनरक्षक नृपेन्द्र सिंग गौतम, वनपाल हीरामन मण्डावी, पटवारी सुरेश कोर्राम, राजस्व निरीक्षक अंशुमाली एवं राजस्व निरीक्षक रामदास मरकाम शामिल रहे।

**खबर संक्षेप**

### मृतक पुरुष की शिनाख्ती के लिए जन सहयोग की अपील



**दंतेवाड़ा।** थाना प्रभारी से प्राप्त विज्ञप्ति अनुसार थाना दंतेवाड़ा में अंतर्गत मृतक अज्ञात पुरुष का शव 9 अक्टूबर 2024 को डंकनी शंखनी नदी रेलवे ब्रिज के पास मिला। जिसका जिला अस्पताल में डॉक्टर से पीएम कराया गया। जिसके बाद शव को परिजनों की पता तलाश हेतु प्रिजर्व में रखा गया था किन्तु परिजनों का पता नहीं चलने पर अज्ञात शव का कफन दफन नगर पालिका के द्वारा कराया गया है। अज्ञात मृतक के परिजनों का आज दिनांक तक कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। इस संबंध में थाना दन्तेवाड़ा द्वारा आमजनों से अपील की है कि अज्ञात मृतक के परिजनों का पता चलने पर थाना दंतेवाड़ा के नंबरो 9479194312, 07856-252204 पर संपर्क करें।

### निजी विद्यालयों के मनमानी से पालक त्रस्त



**दंतेवाड़ा।** जन अधिकार मोर्चा एवं जन अधिकार समाजिक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रिका सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि निजी विद्यालयों के मनमानी से त्रस्त पालकों ने लगातार संघ के पास इस बात की मौखिक शिकायत की जा रही है। नर्सरी से लेकर ऊपर तक के कक्षाओं के लिये अत्याधिक फीस ली जा रही। पाठ्य पुस्तक यूनिफार्म, जूता आदि काफी महंगे दरो पर लेने मजबूर किया जा रहा है। सरकार और प्रशासन सभी निजी विद्यालयों के लिए पाठ्य पुस्तकों, यूनिफार्म, जूता आदि का दर तय किया जाकर उस दर पर देने हेतु आदेशित किया जावे। जिससे अमीर-गरीब के बच्चे संबंधित विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर सके।

## पुल के बन जाने से बीजापुर और नारायणपुर के मध्य की दूरी में होगी कमी

# फुंडरी पुल विकास का प्रवेश द्वार: उपमुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने बीजापुर जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान भैरमगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम फुंडरी में इंद्रावती नदी पर निर्माणाधीन उच्च स्तरीय पुल का स्थल निरीक्षण किया। इस पुल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है, किंतु अभी दो पिलर का कार्य शेष है। निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री ने

- निर्माण कार्य की धीमी गति पर जताई नाराजगी, अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

निर्माण एजेंसी और संबंधित विभागीय अधिकारियों से अब तक की प्रगति, निर्माण में हुई देरी के कारणों और आगामी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी ली।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिए कि कार्य में विलंब अब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि यह पुल बीजापुर और नारायणपुर जिले के बीच आवागमन का एक महत्वपूर्ण संपर्क बिंदु बनेगा और इसके पूर्ण होने से क्षेत्र के लाखों लोगों के जीवन में परिवर्तन आएगा। उन्होंने पुल निर्माण कार्य को जनसेवा से जुड़ी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर इसे एक निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किया जाना चाहिए।

#### ग्रामीणों के लिए जीवन रेखा

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह पुल केवल एक भौतिक संरचना नहीं, बल्कि बीजापुर और नारायणपुर जिले के हजारों ग्रामीणों के लिए जीवन रेखा है। इस पुल के माध्यम से जहाँ आवागमन की सुविधा सुलभ होगी, वहीं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं जैसे राशन, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, एवं सामाजिक सुरक्षा दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों तक तेजी से पहुँच पाएंगी। उन्होंने बताया कि पुल के बन जाने से बीजापुर और नारायणपुर के मध्य की दूरी में उल्लेखनीय कमी आएगी। इससे बीजापुर के ग्राम पंचायत बांगोली, बैल, ताकिलोड़, मर्रामेटा, इतामपारा सहित नारायणपुर के गांव डुंगा, थुरथली, रेखावाया, पिड़ियाकोट के लगभग 13,000 से अधिक ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा।

#### विकास का रोडमैप तैयार

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की यह प्रतिबद्धता है कि बस्तर क्षेत्र के हर गांव, हर परिवार तक विकास की पहुँच हो। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बस्तर को नक्सल प्रभावित क्षेत्र की छवि से निकालकर समृद्ध, आत्मनिर्भर और सशक्त बस्तर के रूप में स्थापित करने का सपना जल्द ही साकार होगा।

उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे इस मिशन को निजी दायित्व की भावना से लें, क्योंकि बस्तर के विकास में की गई हर छोटी पहल यहां के भविष्य को रौशन करेगी।

#### समर्पण से होगा निर्माण संभव

उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि ऐसे महत्वपूर्ण कार्यों में समर्पण, तकनीकी दक्षता और सतत निगरानी की आवश्यकता होती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पुल निर्माण की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा करें, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच सुनिश्चित करें और कार्य स्थल पर श्रमिकों एवं तकनीकी कर्मचारियों की उपस्थिति बनाए रखें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि यदि ठेकेदार या एजेंसी निर्माण कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने में अक्षम पाई जाती है तो वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह, बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी., डीआईजी कमलोचन कश्यप, बीजापुर कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र यादव, वनमंडलाधिकारी रंगानाथन रामाकृष्ण वाय, जिला पंचायत सीईओ हेमंत रमेश नंदनवार सहित सीआरपीएफ, जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षा और सुविधा दोनों का संतुलन जरूरी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, आश्रमों और छात्रावासों का गुरुवार को निरीक्षण किया। यह निरीक्षण रामाराम, गिरदालपारा, केरलापाल, मिसमा और दुब्बाटोटा क्षेत्रों में संचालित विद्यालयों और बालक आश्रमों में किया गया। इस दौरान उन्होंने स्कूलों में बच्चों से सीधे संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रगति को परखा साथ ही छात्रावासों में रहने वाले बच्चों की सुविधा, भोजन, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्थाओं की जायजा लिया।

बालक आश्रम दुब्बाटोटा में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों की उपस्थिति में कमी, शिक्षिका की अनुपस्थिति तथा कक्षाओं के संचालन में लापरवाही पाई गई। इस पर उन्होंने तत्काल शिक्षिका देवनाशिका कुजूर, अधीक्षिका सुशीला कवासी और प्रधान अध्यापिका दीपा मंडावी को शोकॉज नोटिस जारी करने तथा एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। साथ ही आरएमएसए पोटाकेबिन केरलापाल में भी शिक्षा और संचालन व्यवस्था में लापरवाही पाई गई। कलेक्टर ने अधीक्षक दिनेशपाल और प्राचार्य भरत प्रसाद साहू को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कक्षों में पहुंचे और बच्चों से गणित, हिंदी, अंग्रेजी जैसे विषयों से संबंधित मौखिक और लिखित प्रश्न पूछे। उन्होंने बच्चों से पहाड़े, शब्दों की वर्तनी, संख्याओं का ज्ञान, वाक्य रचना और सरल गणना करवाई और उनकी पढ़ाई का स्तर जांचा। बच्चों की शैक्षणिक जानकारी और उत्तर सुनकर उन्होंने खुशी जाहिर की। उन्होंने शिक्षकों एवं अधीक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की सकारात्मक शैक्षणिक गतिविधियाँ अन्य संस्थानों के लिए प्रेरणा बनें।

## डॉ. विक्की कुमार ने जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



दंतेवाड़ा जिले के गीदम ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बिंजाम के बड़े पारा के रहने वाले प्रतिभावान छात्र एवं रिसर्चर डॉ. विक्की कुमार नेताम ने अंबिकापुर में हुए यंग साइंटिस्ट कॉन्फ्रेंस में भाग लेकर वहां यंग साइंटिस्ट अवार्ड के तहत गोल्ड मेडल हासिल किया। इस संबंध में 31 वर्षीय विक्की कुमार नेताम ने बताया कि उन्होंने 2025 में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर से 2025 में कृषि संकाय के आनुवंशिकी और पादप प्रजनन विषयान्तर्गत पीएचडी उपाधि प्राप्त की और उनकी प्राथमिक हाई स्कूल की पढ़ाई फरसपाल में ही पूरी हुई तत्पश्चात उन्होंने पीएटी परीक्षा पास कर शहीद गुण्डाधुर कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर एवं रिसर्च सेंटर कुम्हरावड जगदलपुर से सीएटी उत्तीर्ण किया। अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने मेन एडवाईजर डॉ. एन आर रंगारे तथा विषय विशेषज्ञ डॉ. पीके जोशी को देते हुए कहा कि वे भविष्य में वे जिले के क्षेत्र अनुरूप कृषि संभावनाओं तथा उन्नत कृषि तकनीक जैविक कृषि पर रिसर्च जारी रखना चाहते है। क्षेत्र के युवाओं को सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि वे कृषि संकाय के विभिन्न कार्य क्षेत्रों में अपना कैरियर बना सकते है। क्योंकि अब छात्रों के लिए यहां पूर्व के मुकाबले बेहतर स्कोप उपलब्ध हो चुके हैं। अपना अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि हाई स्कूलों के दिनों में उनको कृषि संकाय लेने से मना भी किया गया था। परन्तु कृषि संकाय में ही उनकी प्रारंभिक रुचि होने के कारण उन्होंने किसी की बात नहीं मानी और आखिरकार उन्होंने अपना पीएचडी डिग्री हासिल कर ही लिया। आज जिला कार्यालय में कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा डॉ. विक्की कुमार नेताम को यंग साइंटिस्ट अवार्ड जीतने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। उन्होंने कहा कि उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र के युवा प्रेरित एवं प्रोत्साहित होंगे।

## बच्चों को तिलक लगाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



राज्य के अंतिम छोर पर बसे सुकमा जिला के कोंटा विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। माता सरस्वती की पूजा अर्चना व छत्तीसगढ़ महतारी वंदन स्वागत गीत से कार्यक्रम की शुरुआत की गई । खंड स्तर के शिक्षा अधिकारियों ने सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

बीईओ श्रीनिवास राव ने विकास

- विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कोंटा मुख्यालय में संपन्न

खंड के कुल 370 स्कूलों के संचालित होने तथा लगभग सत्रह हजार बच्चों का अध्ययन व शिक्षकों की जानकारी देते हुए इस वर्ष के शिक्षा सत्र में लगभग तीन हजार पहली कक्षा के नवप्रवेशी बच्चों की प्रवेश होने की जानकारी दी।

गरिमामय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती दी। जिन्हें भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने एक-एक हजार रूपए का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका सोरी, भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे, जिपं उपाध्यक्ष महेश कुंजाम, जनपद पंचायत की अध्यक्ष कुसुमलता कवासी, उपाध्यक्ष माड़वी हिड़मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पी विजय नायडू, जनपद सदस्य भीमा मरकाम, भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष अन्नु दुबे, सरपंच सलवम राजाराव सहित पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष जीसाई रेड्डी, एंकटरवना रेड्डी, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रऊब खान सहित अनेक कार्यकर्तागण व बीआरसी वीरभद्र राव, मंडल संयोजक पी श्रीनिवास राव, शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

#### महिला आयोग सदस्य ने महिला उत्पीड़न पर प्रकाश डाला

महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका सोरी ने नव प्रवेश बच्चों को तिलक मुकुट लगा माल्यार्पण कर शुभकामनाएं देते अपने पद एवमं अधिवक्ता पढ़ाई की जानकारी देते हुए उच्च स्तर के पढ़ाई को लेकर विस्तार से समझाया । महिला उत्पीड़न पर प्रकाश डालते हुए जिस किसी को भी कोई परेशानी दिक्कत हो रही है तो राज्य महिला आयोग में आवेदन देने की बात कही । धनीराम बारसे ने कहा शिक्षा की महत्व को हमें आपको समझने की आवश्यकता है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ कहते हुए कहा नकल नही अकल की आवश्यकता है। आज देश की एक आदिवासी गरीब महिला राष्ट्रपति के पद तक अनेक संघर्षों का सामना करते हुए पहुंचते है यह हमारे लोकतंत्र भारत की उपलब्धि है। आज आप जहां बैठे वहां से कुछ सालों बाद कहीं भी पहुंच सकते हो । बारसे ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे को साकार रूप मानते हुए वनांचल के अनेक गांवों के बेटियों को सुकमा जिला में पढ़ने की बात कही। आरक्षण पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं को आगे होने की बात कहते अच्छे सपनें देखने पर बल दिया।

#### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हर शिक्षक की जिम्मेदारी

शाला प्रवेश उत्सव के हर्षोल्लास कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधियों ने संबोधित किया। जपं अध्यक्ष कुसुमलता कवासी ने इस अवसर पर बड़े ही महत्वपूर्ण और गौरव उत्सव के दिनों की शुरुआत कहते हुए नियमित दस से चार बजे तक समय पर शिक्षकों को अपनी सेवा देने पर बल देते हुए महिला शिक्षकों को घर ग्रहस्थी के काम काजों के बावजूद भी वनांचल क्षेत्रों में जाकर शिक्षा देने को लेकर सहराना की। कई सालों से वनांचल क्षेत्रों में शिक्षा से वंचित रहने की बात कहते मोदी व साय सरकार की मंशा अनुरूप हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ने तथा नींव मजबूत होने उनके लिए बने हर योजना का लाभ पहुंचाने पर बल दिया ।

#### पढ़ाई के साथ देश दुनिया की जानकारी भी आवश्यक

जिला पंचायत उपाध्यक्ष जिला शिक्षा समिति के सभापति महेश कुंजाम ने इस अवसर पर शैक्षणिक व्यवस्थाएं जो है उसका लाभ लेने छात्र छात्राओं को प्रेरित करते हुए योजनाओं का लाभ लेने तथा अच्छी शिक्षा प्राप्त करने पर बल देते हुए एक पेड़ मां के नाम की सहराना करते हुए पर्यावरण बचाने व पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने पर बल दिया । और देश दुनिया में क्या चल रहा है इसकी भी जानकारी रखने की बात कही । पढ़ाई के क्षेत्र में सुकमा जिले का नाम अच्छा होने की बात कही ।

### प्रशिक्षित गौ सेवक संघ ने एसडीएम को सौपा ज्ञापन



**बस्तर।** बस्तर ब्लॉक प्रशिक्षित गौ सेवक प्राइवेट कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता एवं मैत्रियों को मासिक रूप से मानदेय एवं चतुर्थ श्रेणी पद पर नियुक्त किया जाने को लेकर बस्तर एसडीएम ऋषिकेस तिवारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया। जानकारी में बताया कि 25 वर्षों से पशुपालन विभाग में सेवा देते आ रहे हैं जिसमें विभाग द्वारा हम लोगों से पशुओं में टीकाकरण बंध्याकरण पशु गणना कृत्रिम गर्भाधान एवं शासन का विभागीय कार्य गांव स्तर पर 24 घंटे पशुपालकों के द्वारा घर-घर जाकर सेवा देते आ रहे हैं। इस एवज में शासन से अनुरोध है कि हम लोगों को मासिक रूप से मानदेय एवं चतुर्थ श्रेणी में के पद पर नियुक्त करने का अनुभव के आधार पर लिए जाने को लेकर ज्ञापन सोपा गया। ज्ञापन में बिंदु बार उल्लेख किया गया है कि बीमा का सुरक्षा दिया जाए परिचालक व ड्रेसर पद पर एवं टीएडीए दिया जाय। इस दौरान जिला अध्यक्ष भैंसेज प्रसाद पांडे, झल्लू सिंह ठाकुर, दिनेश यादव,जयकुमार ठाकुर,सिरपति बघेल, धनेश्वर बघेल मौजूद रहे।

## आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की समस्त योजनाओं का मिले लाभ : शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

बीजापुर जिले के सबसे सुदूर क्षेत्र के आत्मसमर्पित नक्सलियों को कौशल विकास के तहत मशीन, ट्रेक्टर एवं जेसीबी ऑपरेटर और अन्य प्रशिक्षण प्रदाय कराया जा रहा

- पुनर्वास केन्द्र में आत्मसमर्पित नक्सलियों से उप मुख्यमंत्री ने किया संवाद

है। विगत तीन माह से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आत्मसमर्पित नक्सलियों ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का स्वागत भारत माता की जय घोष करते हुए किया।

इस अवसर पर आत्मसमर्पित नक्सलियों ने उपमुख्यमंत्री से सीधा संवाद करते हुए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त की। आत्मसमर्पित नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ सरकार के पुनर्वास नीति की प्रशंसा करते हुए कहा कि पहले के नक्सल संगठन का जीवन एक भटका हुआ और गुमराह से भरा जीवन था। उस खोखली विचारधारा को त्याग कर समाज के मुख्यधारा से जुड़कर बहुत ही बेहतर जीवन मिला लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं की जानकारी के अभाव में हम रास्ता भटक गए थे किन्तु शासन के पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण कर एक बेहतर जीवन जी रहे हैं। आज शासन-प्रशासन द्वारा हमें कौशल विकास के तहत प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिससे हम आत्मनिर्भर बनकर समाज के मुख्यधारा में शामिल हो सके।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने उनके अनुभवों को गंभीरतापूर्वक सुना और आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता सहित सभी प्रकार आवश्यक दस्तावेज पुनर्वास केन्द्र में ही बनवाकर केन्द्र और राज्य शासन के समस्त योजनाओं का समुचित लाभ दिलाने। वहीं पुनर्वास केन्द्र में उनके दैनिक दिनचर्या से अवगत होकर और भी गतिविधियों को शामिल कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने आवश्यक पहल करने, एक्सपोजर विजिट कराकर बाहरी दुनिया का भ्रमण कराने रायपुर, जगदलपुर जैसे शहर ले जाने के निर्देश दिए। ज्यादातर लोग पढ़ाई नहीं किए है उनको साक्षर बनाने के लिए आवश्यक पहल करते हुए दिनचर्या में शामिल कर खेलकूद, मनोरंजन, देशभक्ति फिल्में दिखाने सहित उनको नियमित आमदनी के स्त्रोत हासिल हो सके उस दिशा विशेष प्रयास करने के निर्देश कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत को दिए।

## स्वस्थ पशु और पक्षी से अधिक दूध मांस तथा अंडे मिलते हैं : वाकचौरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



ग्राम डोगाम, ग्राम पंचायत-जाटम, विकास खंड-जगदलपुर में ग्रामीणों को टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूक करने के उद्धेश्य से वेटनरी पॉलिटेक्निक द्वारा अंगीकृत गोद ग्राम डोगाम में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। वेटनरी पॉलिटेक्निक के संकाय सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा गांव के विभिन्न वार्डो में जाकर पशुओं में टीकाकरण के महत्व के संबंध में पशुपालकों को संदेश दिया गया। डॉ. राजेश सुधाकर वाकचौरे , सहायक प्राध्यापक ने बताया की पशुओं में नियमित तौर पर टीकाकरण करने से विभिन्न बीमारियाँ खुरपका-मुंहपका, गलघोंटू, लंगड़ा बुखार , रेबीज रोग इत्यादि के प्रति रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जिससे उनके बीमार होने का खतरा कम हो जाता हैं तथा पशु कल्याण में सुधार होता है। पशुओं को स्वस्थ रखने में मदद होती है जिससे उत्पादकता बढ़ती है और पशुपालकों को आर्थिक लाभ होता है। पशुओं में खून की कमी नहीं होती, पशु समय से हीट पर आता है, जिससे वह सही समय पर गाभिन होता है। स्वस्थ पशु और पक्षी अधिक दूध, मांस तथा अंडे देते हैं।

## विधायक से मिले शिक्षा विभाग के अधिकारी...



**जगदलपुर।** चित्रकोट विधायक विनायक गोयल के निवास पहुंचकर शिक्षक संघ के लोगों ने भेंट मुलाकत की ।इस अवसर पर विधायक को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा से संबधित जानकारी देते चर्चा की गई । जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी बी आर बघेल, खण्ड शिक्षा अधिकारी तोकापाल पुनम सलाम, खण्ड स्त्रोत समन्यवक तोकापाल अजय शर्मा , सीएचसी अजित पटनायक एवं शिक्षक आदि उपस्थित थे।

## बेटियों ने दिलाया जिले को गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा की तीन बेटियों नूपुर ठाकुर, छाया नाग और नेहल ठाकुर ने तेलंगाना के खैराताबाद में आयोजित 11वीं राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर जिले के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय जोड़ा है। यह जीत न केवल दंतेवाड़ा जिले, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गौरव का क्षण है।

उल्लेखनीय है कि तीन दिवसीय इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के 8 राज्यों से लगभग 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से छत्तीसगढ़ के 14 खिलाड़ियों ने पदक जीते। खास बात यह रही कि दंतेवाड़ा जिले की तीन बेटियों ने स्वर्ण पदक जीतकर यह सिद्ध कर दिया कि मेहनत, लगन और परिवार के सहयोग से कोई भी चुनौती पार की जा सकती है। खेलों के प्रति सीमित संसाधनों और सुविधाओं के बावजूद, इन खिलाड़ियों ने कठिन अभ्यास और दृढ़ इच्छाशक्ति से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। ज्ञात हो कि नुपुर ठाकुर इससे पहले गोवा में आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। इस उपलब्धि के उपरांत, आज तीनों स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों ने जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत से सौजन्य भेंट की। कलेक्टर ने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि दंतेवाड़ा की बेटियाँ आज पूरे राज्य के लिए प्रेरणा बन गई हैं।

उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन खेल प्रतिभाओं को हरसंभव सहयोग और प्रोत्साहन देता रहेगा। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी प्रदीप सिंह सहित अन्य खिलाड़ी और अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का स्वागत



**जगदलपुर।** उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा गुरुवार सुबह शहर पहुंचे। सर्किट हाउस में महापौर संजय पाण्डे व बड़ी संख्या में भाजपाईयों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान महापौर के साथ एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही,लक्ष्मण झा,सुरेश गुप्ता, संग्राम सिंह राणा,संजय विश्वकर्मा, रोशन झा,गोविंद वर्मा ने भी डिप्टी सीएम विजय शर्मा का स्वागत किया।

### सफाई मित्रों को महापौर ने दिए रेनकोट



**जगदलपुर।** महापौर संजय पाण्डे ने गुरुवार की सुबह नगर निगम के सफाई मित्र को रेनकोट का वितरण किया। उन्होंने बताया वार्डों में पार्षदों के माध्यम से रेनकोट का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, लक्ष्मण झा, योगेंद्र पांडे, संजय विश्वकर्मा,उर्मिला यादव, दिलीप दास, राजेश चौधरी, गोविन्द वर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रतिष्ठित डॉक्टरों का हुआ सम्मान



**जगदलपुर।** डॉक्टर दिवस पर पुकार फाउंडेशन की टीम ने डॉक्टरों द्वारा दिए जा रहे समर्पण और सेवा के जज्बे को किया सलाम किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष जैनेन्द्र सिंह ने कहा कि बस्तर जैसे दुर्गम क्षेत्रों में जहां संसाधनों की कमी है, वहां भी डॉक्टर जनसेवा में दिन-रात तत्पर रहते हैं। जहाँ सरकारें भी नहीं पहुंच पाती, वहां डॉक्टर्स पहुंचते हैं। उनकी यह सेवा और समर्पण भाव अत्यंत प्रशंसनीय है। शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर मनीषा गोयल का सम्मान किया गया। सचिव बसंत मिश्रा ने कहा कि डॉक्टर्स के मेहनत और समर्पण के कारण ही देश व समाज स्वस्थ और सुरक्षित रहता है। पुकार उपाध्यक्ष रुखसार बानो ने डॉक्टरों की सेवा भावना को सलाम करते हुए कहा कि डॉक्टरों को बेहतर सुविधाएं एवं सुरक्षा मिलनी चाहिए ताकि वे और अधिक निष्ठा से अपनी सेवाएं दे सकें। इस दौरान टीम से छत्रपति शर्मा, अमर पांडे, सिद्धार्थ, वर्षा, दिव्या और सुजाता ने पूरे जोश खरोश के साथ कार्यक्रम में सहभागिता निभाई और पूरी टीम ने डॉक्टरों को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनके कार्यों के प्रति कृतज्ञता जताई।

### वाचनालय की मरम्मत को लेकर हुई चर्चा

**चारामा।** तहसील शाखा चारामा की वाचनालय भवन में पेंशनर कर्मचारियों की मासिक बैठक अध्यक्ष कन्हैया सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में 3 जुलाई को हुई, जिसमें वाचनालय की मरम्मत के लिए सहयोग की अपील की गई, सभी पेंशनर कर्मचारियों द्वारा मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड के माध्यम से मध्य प्रदेश पुनर्गठन की धारा 49(6) के विलुप्त करने विधानसभा की इसी सत्र में शासकीय संकल्प पारित कर राज्यपाल के माध्यम से केंद्र सरकार को प्रेषित करने माँग किया। मासिक बैठक में उपाध्यक्ष हीरालाल साहू, सचिव एस. नागराज, मनराखन मरकाम, ललित नेताम, कृष्ण कुमार देवांगन, भागूराम आंचला, यशवंत सिन्हा, भागीरामसाहू, डीपी साहू, यशवंत यदू एवं महेश घरात उपस्थित रहे।

### एक पेड़ माँ के नाम के तहत 101 पेड़ लगाए

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम कोंडरूंज में माध्यमिक शाला के स्कूली बच्चों और ग्रामीणों की मदद से एक पेड़ मां के नाम के तहत शाला परिसर तथा खेल मैदान के चारों ओर करंज, आम, अमरूद, नीम, मुनगा, कटहल, पपीता, केला एवं काजू के कुल 101 नग पेड़ लगाया गया।

## नगर आगमन पर जैन मुनियों का आत्मीय स्वागत...







**जगदलपुर।** ओडिशा भ्रमण के बाद जैन मुनियों का गुरूवार की शाम नगर आगमन हुआ। महापौर संजय पाण्डे के साथ निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन और अनेक पार्षदों एवं जैन समाज के लोगों ने मुनियों का आत्मीय स्वागत करते आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान सांसद महेश कश्यप भी पहुंचे और मुनियों के साथ काफी दूर तक पैदल चले। धार्मिक संगीत की धुन पर दिगंबर समाज के भवन तक पैदल चलते हुए लोगों का अभिवादन स्वीकारते आशिष वचन देते रहे । बताया गया कि चार्तुमास में मुनियों का आगमन हुआ है जहां रोजाना सुबह प्रवचन में लोगों को धार्मिक ज्ञान की बातें सुनाकर मानव जीवन को पवित्र और त्यागमय जीवन अपनाने की राह पर चलने का मूल मंत्र बताएंगे।

### सीसी सड़क, व्यवसायिक परिसर का किरण तथा विनायक ने किया भूमिपूजन

# जनता के मांग के अनुरूप क्षेत्र का विकास अनवरत रहेगा जारी : देव

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

- विधायक ने दी लाखों के विकास कार्यों की सौगात

विधानसभा क्षेत्र के दरभा विकासखण्ड में आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव व विधायक विनायक गोयल ने ग्राम चिंगपाल में लाखों रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना , बस्तर विकास प्राधिकरण के तहत ग्राम चिंगपाल में माशा मांझी गुड़ा में सायकल स्टैंड निर्माण लागत 10.50 लाख, ग्राम लेण्ड्रा में सी सी सडक लागत 7.80 लाख, व्यवसायिक परिसर निर्माण लागत 15 लाख रुपए , ग्राम ककनार में सांस्कृतिक भवन निर्माण लागत 5 लाख,सी सी सडक निर्माण लागत 05.20 लाख रूपए,कोयनार में सी सी सडक निर्माण 5.20 लाख रूपए, ग्राम कोटमसर में प्रतिक्षा शेड निर्माण लागत 12.77 लाख, ग्राम कान्दानार सी सी सडक निर्माण लागत 02.70 लाख, ग्राम छिन्दपुर प्राथमिक शाला नवीन भवन निर्माण लागत 20.30 लाख , ग्राम सेड़वा में सी सी सडक निर्माण लागत 8 लाख रूपए विभिन्न विकास कार्यों का कुल लागत 92.37 लाख रूपए का भूमिपूजन हुआ। किरण देव ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य अनवरत जारी रहेगा। सरकार प्रदेश में चौमुखी विकास कार्य कर रही हैं। जनता के मांग के अनुरूप हर क्षेत्र में विकास कार्य हो रहे हैं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में लगातार विकास हो रहा है। प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे हमारा दायित्व है। शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले हमारा लक्ष्य है।

इस दौरान विधाशरण तिवारी, जनपद अध्यक्ष मानकदई कश्यप, उपाध्यक्ष हरिप्रसाद, जिला पंचायत सदस्य संपत्ति नाग, जनपद सदस्य गागराराम, जयमनी,मंडल अध्यक्ष देवीप्रसाद बेंजाम संरपंच जयराम बघेल, सूबेदार बघेल, संतोष बघेल, फूलसिंह सेठिया, अंनत राम, महेन्द्र बघेल,जनपद सीईओ वीरेन्द्र बहादुर, डीईओ बलिराम बघेल, बीईओ जगदीश पात्र,एवं क्षेत्र की जनता उपस्थित थे।



#### सभी कार्य समय पर होंगे पूरे

विधायक किरण देव ने कहा जनता के मांग के अनुरूप क्षेत्र में विकास कार्य किया जायेगा। सभी कार्य समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ किया जाएगा। क्षेत्र में लोगों की वर्षो पुरानी मांग पूरी हो रही है । विकास अनवरत जारी रहेगा।

#### लगातार हो रहे विकास कार्य

विधायक विनायक गोयल ने कहा आज दरभा क्षेत्र में लाखों के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। हमारे सरकार के नेतृत्व में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं।

# बड़े चकवा में कई बार आवेदन के बाद भी एक भी काम नही हुआ

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

- पीएचई कार्यालय में आवेदन देकर जल्द काम शुरू करने की दी गई चेतावनी

ग्राम पंचायत बड़े चकवा के उपसरपंच पूरन सिंह कश्यप ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के खिलाफ 13 पृष्ठों का ज्ञापन प्रस्तुत किया है। महीनों से लगातार नलकूप खनन की मांग के बावजूद एक भी नया नलकूप न खोदे जाने से ग्रामीणों में नाराजगी है। उन्होंने मंगलवार को पीएचई विभाग के जिला कार्यालय में 2024 से 2025 तक के पूरे पत्राचार, आवेदन और विभागीय अनदेखी की विस्तृत जानकारी के साथ ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि 3 अप्रैल 2025 को नलकूप खनन के लिए आवेदन किया गया था, जिसके बाद 1 दिसंबर 2024 को कलेक्टर कार्यालय से निर्देश जारी हुए। 21 मई 2025 को प्रमुख अभियंता द्वारा कार्रवाई के आदेश दिए गए और 8 जून को जनशिकायत पोर्टल से रिपोर्ट भी विभाग को भेजी गई। बावजूद इसके आज तक एक भी नलकूप खनन नहीं हुआ। गांव के नया पारा, खाले पारा, छेपड़ापारा, ओड़ारमुंडी पारा और बाजार पारा जैसे इलाकों में महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे प्रतिदिन कई मीटरों दूरी से पानी लाने को मजबूर हैं। गर्मियों में हालात और भी बदतर हो जाते हैं। उपसरपंच ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित पानी टंकी की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि टंकी के लिए नया बोर खनन नहीं कराए जाने के बजाय पंचायत द्वारा पूर्व में खुदवाए गए बोर से टेपनल कनेक्शन हटाकर उसी बोर को जबरन जोड़ा गया, जिससे आपूर्ति में अस्थिरता और बाधा उत्पन्न हो गई है।



#### जल जीवन मिशन के कार्यो की जांच हो

जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से तत्काल जल जीवन मिशन की गुणवत्ता की जांच कर दोषी अधिकारियों एवं ठेकेदारों पर कार्रवाई और जनप्रतिनिधियों के साथ हो रहे भेदभाव को खत्म करने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि अब भी प्रशासन नहीं जागा तो यह संघर्ष जनआंदोलन का रूप ले लेगा।

#### अधिकारियों को विधायक ने लगाई फटकार

वीडियो वायरल होने के बाद विधायक लखेश्वर बघेल, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ने अधिकारियों के गोलमोल जवाबों से नाराज होकर भड़क उठे जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। प्रशासन ने स्थिति को देखते हुए मौके पर पुलिस बल की तैनाती की। विधायक ने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और विधानसभा क्षेत्र में नलकूप खनन कार्य तत्काल कराने को कहा । उन्होंने कहा कि जब विधायक की सिफारिश को भी अधिकारी नजरअंदाज कर रहे हैं, तो सामान्य ग्रामीणों की बातों को कौन सुनेगा ।

## ईडी व जनता युनियन के पदाधिकारियों की हुई बैठक



- श्रमिकों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**जगदलपुर।** विद्युत वितरण कम्पनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम एवं राज्य विद्युत कर्मचारी जनता युनियन के पदाधिकारियों के साथ गुरूवार को बैठक हुई, जिसमें श्रमिकों की समस्याओं पर गंभीर चर्चा की। कार्यपालक निदेशक द्वारा श्रमिकों की समस्याओं को संज्ञान में लिया एवं क्षेत्रीय स्तर पर समस्याओं को दूर किए जाने का आश्वासन दिया। बैठक में विद्युत कर्मचारी जनता युनियन की ओर से प्रांतीय सचिव जार्च केके, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्यजीत चौधरी एवं अन्य पदाधिकारी संजय भूआर्य, विजय कुमार मीनपाल, कमलेश कुमार साहू, रवि चक्रवर्ती, सपन सरकार, मानसिंह मंडावी शामिल रहें।

## सुकमा जमींदार परिवार ने गोंचा में भोग प्रसाद वितरण किया

- विधायक और परिवार के सदस्य रहे शामिल



हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

रियासत कालीन ऐतिहासिक बस्तर गोंचा महापर्व में आज सुकमा जमींदार परिवार की ओर से महा भोग प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया। कुमार जयदेव ने बताया कि प्रतिवर्ष भगवान जगन्नाथ के प्रसाद वितरण कार्यक्रम में उनकी छोटी सी सहभागिता होती है । प्रभु जगन्नाथ की कृपा है कि हम उनके निमित्त कुछ कर पा रहे हैं ।

आज के प्रसाद वितरण कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव व उनके परिवार के सदस्यों ने भक्तों में प्रसाद वितरण किया।

विधायक का स्वागत 360 आरण्यक ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने किया । किरण सिंह देव ने कहा प्रभु जगन्नाथ की कृपा से बस्तर सहित देश प्रदेश में सुख शांति और समृद्धि रहे यही ईश्वर से कामना करते है। इस दौरान 360 आरण्यक ब्राह्मण समाज अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, गोंचा समिति के अध्यक्ष चिंतामणी पांडे, विद्याशरण तिवारी, रजनीश पानीग्राही, आर्येंद्र सिंह, शशि भूषण रथ, राजेश श्रीवास्तव, हेमंत पांडे व समाज के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## बाहुड़ा गोंचा पर उत्कल समाज करेगा प्रसाद वितरण

**जगदलपुर।** उत्कल समाज की गुरुवार को बैठक में समाज की सहभागिता विषय पर चर्चा की गई। अध्यक्ष राजेश दास ने गोंचा पर्व पर उत्कल समाज की सहभागिता आरण्यक समाज के साथ सुनिश्चित किए जाने विषय पर ध्यानाकर्षण किया। उन्होंने कहा इस वर्ष उत्कल समाज की ओर से जगन्नाथ के प्रिय मिष्ठान प्रसाद खाजा का वितरण बाहुड़ा गोंचा पर किया जाएगा। समाज के उपाध्यक्ष मथुरा तिवारी ने कोर कमेटी के समस्त सदस्यों सहित समाज के लोगों से इस पुनीत कार्य मे शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने आग्रह किया है। बैठक में अच्युत सामंत, असीम दास, रविंद्र दास, राकेश रथ, शुभ्रा दास, निरूपमा दास, सरला रथ, पवन मिश्रा, आशीष श्रीवास्तव, आशीष दास, कुशाग्र मिश्रा, प्रमोद, आदर्श, सुनीत, आशीष, अंकित,अनमोल, प्रत्यूष, विवेक एवं कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

## 630 व्याख्याता एलबी 30 वर्षों की सेवा के बाद बनेंगे प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

हाई कोर्ट द्वारा प्राचार्य पदोन्नति के सुरक्षित फैसले को जारी करते हुए प्राचार्य पदोन्नति से स्टे हटा लिया गया है,डबल बेंच द्वारा दिए गए इस निर्णय के बाद शिक्षा विभाग में 10 वर्ष बाद और आदिम जाति कल्याण विभाग में 12 वर्ष बाद प्राचार्य की पदोन्नति होगी।



दरअसल राज्य में कल 4690 प्राचार्य के स्वीकृत पद हैं जिसमें 1480 पद पर प्राचार्य कार्यरत है, 3224 पद रिक्त है, इन्ही रिक्त पद के विरुद्ध 2813 प्राचार्य के पदों पर पदोन्नति सूची जारी की गई थी। weप्राचार्य पदोन्नति 2022 से बाधित होते-होते 3 वर्ष बाद माननीय हाईकोर्ट के डबल बेंच द्वारा सभी याचिकाओं को खारिज करते हुए प्राचार्य की 30 अप्रैल को जारी पदोन्नति सूची से स्टे हटने के बाद अब जुलाई माह में ही रिक्त शालाओं को प्राचार्य मिलने की उम्मीद है।

ई संवर्ग में 1478 प्राचार्य के पदों पर पदोन्नति होगी जिसमें नियमित व्याख्याता 744, एल बी व्याख्याता 329 व प्रधान पाठक मिडिल स्कूल 405 पदों पर पदोन्नति सूची जारी की गई है, इसी प्रकार से आदिम जाति कल्याण विभाग में 670 नियमित व्याख्याता, 301 व्याख्याता एल बी व 364 माध्यमिक शाला प्रधान पाठक कुल 1335 पदों पर पदोन्नति सूची जारी की गई है। इन सभी विषयों में एल बी संवर्ग जो शिक्षाकर्मी के रूप में 1998 से कार्यरत थे, वे शिक्षा विभाग में 329 व आदिम जाति कल्याण विभाग में 301 कुल 630 एल बी संवर्ग के व्याख्याता प्राचार्य बनेंगे।

## मांढेर नाला पर पुल निर्माण की मिली स्वीकृति



हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

बारसूर लोहंडीगुड़ा जगदलपुर मार्ग के किमी 36/6 मांढेर नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य लागत 5.83 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

विकास की दृष्टि से क्षेत्र की जनता द्वारा वर्षो से बहुप्रतिक्षित मांग विधायक विनायक गोयल से की गई थी ।जिस पर उन्होंने लगातार प्रयास कर प्रशासकीय स्वीकृति जारी करवाया। विधायक ने कहा कि इस पुल से बन जाने से ग्राम वासियों को बारिश में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी साथ ही आने जाने में दूरी कम होगी। लोगों का समय और पैसा बचेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार माना है। जिन्होंने पुलिया निर्माण के लिए सहमति दी।

## सड़क पर उतरे महापौर, हटवाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर



शहर को साफ सुथरा और सुंदर करने की दिशा में काम कर रहे महापौर संजय पांडे आज अमले के साथ निकले। उन्होंने यातायात पुलिस का भी सहयोग लिया। वे सुबह से ही रोजाना की तरह अपनी टीम के साथ निकल पड़े। सबसे पहले उन्होंने शहर के अलग-अलग चार वार्डो के स्वच्छता मित्र को रेनकोट का वितरण किया, जिससे कि उनको बरसात के मौसम में काम करने में अब दिक्कत नहीं होगी। उन्होंने बताया इसका शुभारंभ आज ही किया गया है। शेष सभी वार्डों में पार्षद के माध्यम से रेन कोट का वितरण किया जाना है। इसके बाद उन्होंने डिवाइडर के आसपास पड़े कचरे को स्वयं साफ किया। सड़क के पास लगाए गए दुकानदारों को समझाइस दी गई कि वे व्यवस्थित ढंग से अपना व्यवसाय करें अन्यथा जुमार्ना के लिए तैयार रहे।

सड़क पर लगाए गए दुकानदारों से कहा कि वह सुव्यस्थित ढंग से ही अपने सामानों को रखकर अपना धंधा करें। समझाइस के बाद भी नहीं मानने वाले दुकानदारों के ऊपर कार्रवाई की जाएगी।महापौर ने मौके से ही यातायात विभाग के अधिकारी को कॉल किया। कुछ देर में ही यातायात अमला हरकत में आया और यातायात बाधित कर रहे लोगों के सामान को हटवा दिया। वही कबाड़ वाहन और अन्य सामानों को भी व्यवस्थित करवाया गया।

महापौर ने कुम्हारपारा में रोड पर दुकान लगाए बैठे लोगों को व्यवस्थित ढंग से व्यवसाय करने की समझाइश दी। जो दुकानदार जानबूझ कर अपना सामान बाहर रखे और यातायात को बाधित करते मिल रहे हैं उन्हें भी समझाया जा रहा है। सड़कों पर किए गए अतिक्रमणों को हटाया गया।

